देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 19 मार्च 2020। कोरोना वायरस के कारण एहतियाती उपाय के रूप में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों की कक्षाएं स्थगित करने की सलाह दी गयी है। शैक्षणिक संस्थानों में जाए बगैर, विद्यार्थी घर में बैठ कर भी डिजिटल प्लेटफार्म के द्वारा उपलब्ध पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत अध्ययन कर सकते हैं। इस दिशा में कन्सॉरटियम फॉर एजुकेशनल कम्युनिकेशन (सी.ई.सी.) नई दिल्ली द्वारा डिजिटल एजुकेशन प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया है जिस पर विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं :

1. 87 विभिन्न स्नातक स्तरीय विषयों के ई–कन्टेंट सी.ई.सी. की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
2. विभिन्न विषयों पर आधारित, ''स्वयंप्रभा'' (डी.टी.एच.) के 11 चैनल फ्री डिश टी.वी. एवं रिलायंस जिओ एप पर उपलब्ध्य हैं। यह चैनल विभिन्न पाठ्यक्रमों पर आधारित शैक्षिक कार्यक्रम, जिसमें विभिन्न उच्च शिक्षा के विषय जैसे– साईंस, ह्यूमेनेटीज, मैनेजमेंट, व्यवसायिक पाठ्यक्रम, कम्प्यूटर साईंस तथा भारतीय शास्त्रीय संगीत, उपलब्ध करा रहे हैं। ये चैनल पूर्णतः ''फ्री टू एयर'' चैनल हैं।
3. ''स्वयं'' प्लेटफॉर्म पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु मूक्स पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं जिन्हे कोई भी विद्यार्थी http://ugcmoocs.inflibnet.ac.in/ugcmoocs/moocs.courses.php पर जाकर अध्ययन कर सकता है।
4. वर्तमान सेमेस्टर में सी.ई.सी. नई दिल्ली द्वारा लगभग 150 मूक्स पाठ्यक्रम स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

इस डिजिटल प्लेफार्म पर ईएमआरसी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर द्वारा निर्मित 9 पाठ्यक्रम एवं 23 मूक्स कोसेर्स भी उपलब्ध हैं। इनके अतिरिक्त विद्यार्थी सी.ई.सी.–यू.जी.सी. यू–ट्यूब चैनल पर उपलब्ध असीमित पाठ्यक्रम आधारित शैक्षणिक सामाग्री के अध्ययन द्वारा, शैक्षणिक संस्थानों में कक्षा न लगने के कारण होने वाले नुकसान की भरपायी कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी http://cec.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी